## जनपद हमीरपुर

**थाना सुमेरपुर** **दिनांक 14.09.2026**

**थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा देशी शराब की दुकान में हुई चोरी का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस निगरानी में लेते हुए चोरी की शराब एवं नगदी बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक 08.09.2026 की मध्य रात्रि थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सौंखर नजरपुर स्थित देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में रखी देशी शराब एवं नगदी चोरी कर ली गई थी। उक्त घटना के संबंध में थाना सुमेरपुर पर मु0अ0सं0 304/2026, धारा 305(A)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 14.09.2026 को थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा वांछित एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में गश्त एवं तलाश-वांछित अभियुक्त की कार्यवाही की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि देशी शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना से संबंधित व्यक्ति चोरी का माल लेकर इटरा मोड़ के पास खड़े हैं तथा उसे कहीं बाहर बेचने की फिराक में हैं। थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल इटरा मोड़ के पास दबिश देकर मौके से 01 अभियुक्त एवं 01 बाल अपचारी को पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान **विजय अनुरागी पुत्र सतीश अनुरागी, निवासी मामा दूध डेयरी के पास, मराठीपुरा, कस्बा व थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 21 वर्ष** के रूप में हुई। अभियुक्त एवं बाल अपचारी के कब्जे से चोरी की देशी शराब एवं नगदी बरामद हुई।

पूछताछ एवं बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त एवं बाल अपचारी का उक्त चोरी की घटना से संबंधित होना प्रकाश में आया। गिरफ्तार अभियुक्त एवं बाल अपचारी के कब्जे से कुल **109 अदद पाउच देशी शराब सुनामी गोल्ड ब्रांड, 33 अदद क्वार्टर देशी शराब मस्तीह ब्रांड एवं 700 रुपये नगद** बरामद किए गए।

बरामदगी के आधार पर थाना सुमेरपुर पर पंजीकृत अभियोग में **धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी** की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है तथा बाल अपचारी के संबंध में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. विजय अनुरागी पुत्र सतीश अनुरागी, निवासी मामा दूध डेयरी के पास, मराठीपुरा, कस्बा व थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर, उम्र करीब 21 वर्ष।
2. 01 बाल अपचारी।

**अभियुक्त विजय अनुरागी का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 304/2026, धारा 305(A)/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।
2. मु0अ0सं0 343/2023, धारा 376/411 भादवि, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

- 109 अदद पाउच देशी शराब।
- 33 अदद क्वार्टर देशी
- 700 रुपये नगद।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

इटरा मोड़ के पास, थाना सुमेरपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 पवन कुमार पटेल, थाना सुमेरपुर
2. उ0नि0 निशांत दुबे, थाना सुमेरपुर
3. है0का0 फूल सिंह, थाना सुमेरपुर
4. का0 नवीन कुमार, थाना सुमेरपुर

